
# पीपल चौक में भोपाल के राजा, करोंद में लालबाग के राजा गणेश

## राजधानी में धूमधाम से गणेशोत्सव का शुभारंभ, सार्वजनिक स्थानों, घर-घर में विराजे बप्पा





राजधानी में बुधवार को गणेशोत्सव का शुभारंभ होने के साथ ही शाम को श्रद्धालुओं ने पंडालों में विराजमान भगवान गणेश का पूजन-अर्चन कर आरती उतारी. पुराने शहर के पीपल चौक में विराजे बुद्धि विनायक की आरती करते हुए श्रद्धालु.

**भोपाल, 27 अगस्त. बुधवार यानी भगवान गणेशजी की आराधना का दिन. इसी शुभ दिन गणेशोत्सव का शुभारंभ. राजधानी भोपाल में जगह-जगह गणपति बप्पा को धूमधाम से विराजमान किया गया. इस शुभ अवसर पर गणपति बप्पा के जयकारों से शहर के चौक-चौराहे, पंडाल गूंज उठे.**

न्यू मार्केट में मुंबई के सिद्धि विनायक, पुराने शहर में कायस्थपुरा सोमवारा में भोपाल के दूल्हे राजा, पीपल चौक में भोपाल के राजा और करोंद में लालबाग के राजा गणेश सहित सैकड़ों सार्वजनिक स्थानों पर भगवान गणेश जी दस दिन तक श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे. बुधवार को भी दिनभर मूर्तिकारों के अलावा बाजारों में गणेश प्रतिमाओं के लिए लोगों की भीड़ लगी रही. युवा ढोल-ढमाकों की थाप पर नाचते और बप्पा के जयकारे लगाते हुए झांकी स्थल तक लेकर गए, जहां पर विधिवत पूजा-अर्चना के साथ शुभ मुहूर्त में भगवान गणपति को विराजमान किया गया.



## राम दरबार में विराजे भगवान गणेश, कार्तिक

**भोपाल, 27 अगस्त.** हनुमानगंज गल्लाबाजार में थर्मोकोल से भगवान श्रीराम दरबार की झांकी बनाई गई है, जिसमें भगवान श्री गणेश और कार्तिक विराजमान हैं. श्री गणपति गणेश एवं दुर्गा उत्सव समिति हनुमानगंज गल्ला बाजार का यह तृतीय वर्ष हैं। समिति के अध्यक्ष अनिल पंथी एवं आलोक साहू ने बताया हम हर वर्ष भगवान श्री राम जी पर आधारित झांकी में भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित करते हैं. इस वर्ष भगवान श्री राम का दरबार थर्माकोल से बनाया गया है, जिसका वजन मात्र 30 किलो है. रामदरबार में भगवान श्री गणेश एवं कार्तिक विराजमान हैं. उन्होंने बताया प्रतिमा की लागत 1 लाख 30 हजार रुपये है.

## भाजपा कार्यालय में गणेश प्रतिमा स्थापित

**भोपाल, 27 अगस्त. गणेश चतुर्थी के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजन-अर्चन की गई. प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद एवं प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा ने पूजा-अर्चना की.**


इस अवसर पर प्रदेश सरकार के मंत्री दिलीप अहिरवार, प्रदेश उपाध्यक्ष सीमा सिंह जादौन, प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवादास सबनानी, संभाग प्रभारी राघवेंद्र गौतम, शैलेंद्र शर्मा, जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति, डॉ. अभिजीत देशमुख, नितेश शर्मा और एस.एस. उप्पल सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने बैतूल में गणेश चतुर्थी पर स्थानीय कलाकारों से मिट्टी से निर्मित गणेश प्रतिमा और पूजन सामग्री खरीदी.

उन्होंने कलाकारों और व्यवसायियों से संवाद कर उत्पादों के विपणन की जानकारी ली और प्रदेशवासियों से अधिक से अधिक स्वदेशी उत्पादों के उपयोग का आग्रह किया. इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, नगरपालिका उपाध्यक्ष महेश राठौर, मंडल अध्यक्ष विकास मिश्रा, विक्रम वैद्य सहित पार्षद और कार्यकर्ता उपस्थित रहे.



मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दीं. पटेल ने कहा कि यह पर्व सामाजिक एकता, सौहार्द्र और लोक संस्कृति के संवर्धन का अवसर है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों के सुखमय जीवन की कामना करते हुए प्रतिमाओं और झांकियों की सज्जा में स्वदेशी उत्पादों के उपयोग पर जोर दिया. प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने भी कहा कि गणेशोत्सव सामाजिक एकता और लोक संस्कृति को मजबूत करने का पर्व है, जिसका उद्देश्य गणेश जी के सर्वव्यापी स्वरूप का अनुभव कराना है.

## एमसीयू में रंगोली, नृत्य से बुद्धि विनायक का स्वागत



जूनियर रिपोर्टर

**भोपाल, 27 अगस्त.** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) में मंगलवार को गणेश चतुर्थी उत्सव धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर विश्वविद्यालय परिसर में भगवान गणेश की भव्य स्थापना की.

ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर छात्र-छात्राओं ने खूब नृत्य किया और गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के साथ प्रतिमा की स्थापना की. विद्या के देवता गणपति की स्थापना संजीवनी प्रांगण में की गई, पूजा-अर्चना रंगोली, सजावट और फूलों से सजे पंडाल में गणेश प्रतिमा की शोभा देखते ही बन रही थी, सभी ने मिलकर बप्पा से ज्ञान, समृद्धि और सफलता की कामना की. बच्चो और युवाओ मे खासा उत्साह देखने को मिला डीजे और ढोल की थाप पर विद्यार्थियों ने खूब डांस किया. इस अवसर पर छात्रों ने बताया कि विश्वविद्यालय में हर वर्ष गणेश चतुर्थी का आयोजन किया जाता है, जिससे न केवल धार्मिक आस्था प्रकट होती है, बल्कि सांस्कृतिक एकता और पारंपरिक मूल्यो को भी बढ़ावा मिलता है. गणेश चतुर्थी की इस रंगारंग शुरुआत ने विश्वविद्यालय परिसर को भक्ति और उत्सव मे डुबा दिया. बप्पा की स्थापना के साथ ही छात्र-छात्राओं मे 10 दिनो तक चलने वाले इस उत्सव को लेकर गहरी उत्सुकता और उमंग देखने को मिल रही है.

## बिड़ला संग्रहालय : गणेशजी के विविध स्वरूपों की प्रदर्शनी

**भोपाल, 27 अगस्त.** गणेश चतुर्थी के अवसर पर बुधवार को जीपी बिड़ला संग्रहालय में लगाई गई विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन पवन कुमार डालमिया, निदेशक डाक सेवाएँ (मुख्यालय), भोपाल द्वारा किया गया. प्रदर्शनी में सेवानिवृत्त प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशगण योगेश गुप्ता एवं उमेश गुप्ता के समृद्ध संग्रह से श्री गणेश के विविध स्वरूपों का प्रदर्शन किया गया है. यह प्रदर्शनी 9 सितंबर तक चलेगी, जिसमें प्रतिदिन सुबह 10 से शाम 5 बजे तक गणेश जी के विविध स्वरूप नागरिक देख सकेंगे. प्रदर्शनी में मंडला-डिंडोरी क्षेत्र के गोंड आर्ट, मधुबनी पेंटिंग में गणेश, धनुर्धारी एवं विविध देव रूपों में गणेश, चितेरा आर्ट में गणेश, किरण गुप्ता द्वारा नारियल से निर्मित गणेश, स्टोन आर्ट में गणेश, फिजी, वियतनाम, आदि देशों के डाक टिकट, सिक्के एवं नोटों में गणेश, 3 डी आर्ट में गणेश प्रदर्शित किए गए हैं. प्रसिद्ध चित्रकार राजा रवि वर्मा एवं एम. एफ. हुसैन द्वारा बनाए गए गणेश विषयक छायाचित्र, नारियल, लॉटरी, फूल-पत्तियों, से बनी गणेश आकृतियाँ, आर्टिस्ट अवधेश बाजपेई, अनीता सिंह, ऋचा, मीनू चौरसिया, शुभ्रा श्रीवास्तव की गणेश पेंटिंग्स, दुर्गा उन्हाले द्वारा सुबाबुल की फलियों से निर्मित कलाकृति, मायादेवी गुप्ता आर्ट गैलरी द्वारा विभिन्न धातुओं पर बनी सूक्ष्म गणेश प्रतिमाएँ (पूजा पात्रों सहित) प्रदर्शित की गईं.



### एक नजर में

## मंत्रालय के गणेश मंदिर में विराजे बप्पा



**भोपाल.** मंत्रालय वल्लभ भवन के गेट क्रमांक 05 पार्किंग स्थल के पास स्थित पीपल वाले गणेश जी मंदिर में बुधवार से नव दिवसीय गणेश उत्सव का शुभारंभ हुआ. भगवान गणेश की प्रतिमा विधि-विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ स्थापित की गई. इस अवसर पर मंत्रालय परिवार की सुख-समृद्धि और लंबित मांगों के समाधान हेतु प्रार्थना की गई. इनमें चौथा समयमान, पदोन्नति, आकस्मिकता निधि कर्मचारियों का नियमितीकरण, स्थायी कर्मियों को सातवां वेतनमान और आउटसोर्स कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन प्रदान किए जाने जैसी मांगें प्रमुख रहीं. आयोजकों ने बताया कि प्रतिदिन सुबह, दोपहर और शाम तीन बार आरती होगी. दोपहर की आरती लंच टाइम में डेढ़ से दो बजे के बीच संपन्न होगी. मंत्रालय परिवार से अपील की गई है कि विशेष रूप से लंच टाइम वाली आरती में शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करें. इस अवसर पर राजकुमार पटेल, राजेश कौल, आशीष सोनी सहित अनेक पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्सव के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान किया.



## मध्यप्रदेश के गणेश संकलन पुस्तिका का लोकार्पण

**भोपाल.** दुष्यन्त कुमार स्मारक पाण्डुलिपि संग्रहालय के राज सदन में बुधवार को सेवानिवृत्त प्रधान जिला न्यायाधीश एवं वर्तमान में न्याय निर्णायक अधिकारी मध्य प्रदेश भू संपदा विनियामक प्राधिकरण रेरा के योगेश कुमार गुप्ता के मध्यप्रदेश के गणेश संकलन पुस्तिका का लोकार्पण हुआ. पुस्तिका का लोकार्पण पुलिस के वरिष्ठ सेवानिवृत अधिकारी द्वय अरुण गुर्टू, सुभाष अत्रे, भोपाल के पोस्टमास्टर जनरल पवन कुमार डालमिया और पुरातत्वविद् नारायण व्यास ने किया . उल्लेखनीय है कि इस संकलन में उदयगिरि, भीमबेटका ,जबलपुर, आशापुरी , ओंकारेश्वर गढ़ाकोटा दमोह नोट दमोह नागेश्वर मंदिर उज्जैन मंदसौर गंज बासौदा, बिरला म्यूजियम, विदिशा, इंदौर ,नर्मदा पुरम, टीकमगढ़, सीहोर उज्जैन, कटनी, ग्वालियर रीवा ,और खजराना इंदौर में स्थापित गणेश मूर्तियों का संकलन किया गया है. इस अवसर पर गणेश जी के चित्रों की प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया.

## पत्रकारों की समाज में अहम भूमिका : मंत्री पटेल

- सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब का सम्मान समारोह आयोजित

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 27 अगस्त. सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब द्वारा आयोजित संवाद और पत्रकार सम्मान समारोह बुधवार को आयोजित हुआ. कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए.**

इस मौके पर मंत्री पटेल ने नर्मदा परिक्रमा के बारे में अपने अनुभव को पत्रकारों के साथ साझा किया. उन्होंने कहा कि जब मानवता संक्रमण काल से गुजरती है, तब विचार और अच्छे फैसले आते हैं. पत्रकारिता का समूह अगर संकट में है, तो इसका अर्थ है कि समाज में कुछ और बड़ा होने वाला है. मंत्री पटेल ने कहा कि पत्रकारिता समाज का दर्पण है और जब यह दर्पण किसी चुनौती का सामना करता है, तो वह समाज में होने वाले व्यापक परिवर्तनों का संकेत होता है. उन्होंने पत्रकारों को समाज के मार्गदर्शन में उनकी अहम भूमिका के लिए सराहा और इस अवसर पर पत्रकार मित्रों का सम्मान भी किया. सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय महामंत्री आदि मौजूद थे.




## विद्यार्थियों ने किया चिड़ी-खो का भ्रमण

**भोपाल, 27 अगस्त.** भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज (बीएसएसएस) के वाणिज्य विभाग ने चिड़ी-खो, नरसिंहगढ़-कोटरा का सह-शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया, जिससे विद्यार्थियों को क्षेत्र की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, पारिस्थितिक विरासत, गृह प्रवास और ग्रामीण पर्यटन का अनुभव मिले. यात्रा में 16 खंभे हाजिब अली दरगाह, श्याम जी मंदिर, लौर्दू मठ चर्च-कोटरा सहित महत्वपूर्ण स्थल शामिल थे, जिससे क्षेत्र की स्थापत्य और आध्यात्मिक परंपराओं की जानकारी मिली. छात्रों को चिड़ी खो झील के मनोरम दृश्य का अनुभव करने और पक्षी दर्शन में भाग लेने का अवसर भी मिला.



## पर्युषण पर्व आज से, तैयारियां पूरी

**भोपाल, 27 अगस्त. दिगम्बर जैन समाज के पर्युषण पर्व गुरुवार से प्रारम्भ हो रहे हैं. शहर के सभी जिनालयों में व्यापक तैयारियां की गई हैं.**

हेमलता जैन रचना ने बताया श्री महावीर स्वामी दिगम्बर जैन मंदिर साकेत नगर में भी जैनागम के आत्मशुद्धि के दस दिनी दशलक्षण महापर्व का आगाज़ उत्तम क्षमा पर्व के साथ धूमधाम से होगा. नित्य नियम पूजा, मंगलाष्टक, अभिषेक, शाँति धारा, महापूजा अर्चना सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के पश्चात रांची से पधारे डॉ. अरविंद शास्त्री के दशलक्षण पर्व तथा तत्वार्थ सूत्र पर प्रवचनों का लाभ शक्ति/साकेत नगर सहित आसपास के श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा.

साहित्य | विश्व संवाद केंद्र में भक्ति सिद्धि और राम पुस्तक का लोकार्पण

## भारतीय संस्कृति में आध्यात्मिक ग्रंथों का विशेष महत्व : पांडेय

**भोपाल, 27 अगस्त. वरिष्ठ साहित्यकार श्रीराम माहेश्वरी की पुस्तक भक्ति सिद्धि और राम का लोकार्पण विश्व संवाद केंद्र शिवाजी नगर भोपाल में संपन्न हुआ. यह समारोह अर्चना प्रकाशन न्यास के तत्वावधान में आयोजित किया गया था.**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग अशोक पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि- भारतीय संस्कृति में आध्यात्मिक ग्रंथों का विशेष महत्व है. भक्ति सिद्धि और राम पुस्तक में केवल आध्यात्मिक महत्व की बातें ही नहीं है, इसमें सामाजिक पहलुओं को भी समाहित किया गया है. इस अवसर पर उन्होंने पुस्तक को अच्छी संग्रहण और उपयोगी बताया है.

अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ पत्रकार एवं संयोजक सप्रे संग्रहालय पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर ने कहा कि रामायण महाभारत और गीता भारत के महान ग्रंथ हैं . इनका पारायण करके मनुष्य आध्यात्मिक विकास कर सकता है उन्होंने ग्रंथों की उपयोगिता बताते हुए आगे कहा कि लगभग दो शताब्दियों पहले भारत से सैकड़ो मजदूरों को छलपूर्वक मॉरीशस फिजी त्रिनिदाद आदि अनेक दीपों में उपनिवेशों में काम करने के लिए ले जाया गया था . यह मजदूर अपने साथ तुलसी पौधा, गंगाजल और रामायण ले गए ले गए थे . भारतीय संस्कृति और अध्यात्म की इन तीनों महान विरासतों ने उन्हें जीवित रखा साथ ही उन्होंने बंजर द्वीपों को समृद्ध भी किया.

विशिष्ट अतिथि माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने कहा कि भक्ति से सिद्धि प्राप्त होते ही व्यक्तित्व राममय हो जाता है. सारस्वत अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार प्रभुदयाल मिश्र ने सिद्धियों के प्रकार व उनके योग में महत्व का वर्णन किया.

